सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति 2022–23 हेतु आवेदन करने की तिथि विस्तारित हो गई है।

1. छात्रों द्वारा आवेदन करने की तिथि 01 दिसम्बर 2022 से 10 दिसम्बर 2022 तक।
2. छात्रों द्वारा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी शिक्षण संस्थान में जमा करने की तिथि 12 दिसम्बर 2022 तक। (नोट : 12 दिसम्बर 2022 के उपरान्त किसी भी दशा मे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवश्यक दस्तावेज : कृपया दस्तावेजों को इसी क्रम में लगायें

- ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वयं तथा अभिभावक द्वारा अनिवार्य रूप से हस्ताक्षरित।
- **आय/जाति/निवास प्रमाण पत्र** तथा उनकी वेरिफिकेशन कॉपी (**आय प्रमाण पत्र की ओरिजिनल कॉपी केवल Fresh Applicants के लिए**),
- (जाति प्रमाण पत्र **सामान्य व अल्पसंख्यक वर्ग के आवेदकों को अनिवार्य नहीं है)।**
- छात्र व अभिभावक का Notary कराया हुआ शपथ पत्र की **मूल प्रति** (रू0 10/–के स्टाम्प पेपर पर)।
- बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की **स्पष्ट पठनीय प्रति**।
- काउन्सलिंग लेटर की छायाप्रति।
- संस्थान में जमा फीस, ट्यूशन फीस तथा हॉस्टल फीस की रसीद **(संस्थान के छात्रावास में निवास करने वाले छात्र छात्रावास की फीस की रसीद भी लगायें)।**
- हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट (10+2) के अंक पत्र की छायाप्रति।
- हाईस्कूल, तथा इन्टरमीडिएट रिजल्ट की सी0बी0एस0सी0 की वेबसाइट से नेट वेरिफिकेशन की कॉपी।
- हाईस्कूल, इन्टरमीडिएट (10+2) के अंक पत्र के साथ जो छात्र डिप्लोमा से हैं डिप्लोमा के अंक पत्र की छायाप्रति। जो छात्र प्रथम वर्ष एवं लेटरल एन्टी द्वितीय वर्ष मे नहीं है उन्हें अपने गत परीक्षाफल के अंक पत्र की छायाप्रति भी लगानी है।
- कॉलेज आई0डी0 कार्ड, पिता, माता एवं स्वयं का आधार कार्ड।
- प्रारूप छः ।
- आय प्रमाण में आया स्त्रोत कृषि होने पर खसरा या खतौनी, नौकरी होने पर सैलेरी स्लिप व्यवसाय होने पर आई0टी0आर0 की कॉपी अथवा आई0टी0आर न जमा करने का शपथ पत्र भी जमा करना होगा।
- आनलाइन फार्म के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त प्रपत्रों की प्रतिलिपियां **(फोटो कॉपी) Self attest** होनी चाहिए।

1. किसी भी कोर्स के प्रथम वर्ष एवं लेटरल एन्ट्री द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत छात्र आवेदन पत्र के **कॉलम सं0 09 (विश्वविद्यालय/बोर्ड /एफिलिएटिंग एजेंसी में पंजीयन क्रमांक)** में अपना लाइब्रेरी आई0 अंकित करेंगे।

2. किसी भी कोर्स के किसी भी वर्ष में अध्ययनरत छात्र आवेदन पत्र के **कॉलम सं0 39(i) अनुमोदित वार्षिक नॉन रिफण्डेबिल शुल्क** में 119599/– अंकित करेंगे।

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता :

1. छात्र उत्तर प्रदेश के निवासी हों।
2. छात्र के परिवार की आय रू0 2 लाख से अधिक न हो। (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के छात्रों के लिए रू0 2.5 लाख तक)
3. इन्टरमीडिएट अथवा डिप्लोमा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हों।
4. छात्र का प्रवेश काउन्सिलिंग के माध्यम से हुआ हो। (पिछडा जाति वर्ग एवं अल्पसंख्यक जाति वर्ग के छात्रो पर यह नियम लागू नहीं है।)
5. जिन कोर्सो में एन0बी0ए0 नहीं है जैसे : **CS, CSIT, CSE(AI), CSE(AIML)** में अध्ययनरत केवल सामान्य जाति के छात्र आवेदन हेतु पात्र नहीं है। ऐसे छात्रों का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।
6. वर्तमान सत्र में अटेन्डेन्स 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक हो।

आवेदन पत्र दिनांक 06 दिसम्बर 2022 से अपराह्न 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक ***A-Block Room No-2*** *में सबमिट कर सकते हैं। सभी छात्र हार्डकॉपी जमा करने से पहले संलग्न दस्तावेजों एवं फार्म को भली भांती स्वयं जांच लें। दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर फार्म आगे अग्रसारित नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की त्रुटि के लिए छात्र स्वंय उत्तरदायी होंगे।*

विशेष जानकारी एवं दिशा निर्देश हेतु विभागीय वेबसाईट
http://scholarship.up.gov.in/ तथा
https://www.kiet.edu/Scholarship-Circulars
से जानकारी प्राप्त करते रहें।